आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

बैठक

केन्द्र सरकार की उर्जा आवास व शहरी विकास मंत्रालय से जुड़ी हिमाचल प्रदेश की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आज शिमला में हुई। केन्द्रीय उर्जा, आवास व शहरी विकास मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित राज्य व केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बाद में केन्द्रीय मंत्री ने बैठक में हुई चर्चा की जानकारी देते हुए बताया कि उर्जा, आवास व शहरी विकास मंत्रालयों से जुड़ी हिमाचल की विभिन्न परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बीबीएमबी में राज्य सरकार की अपने हिस्से की सात दशमलव एक नौ प्रतिशत की मांग पर मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि केन्द्र सरकार परियोजना से जुड़े अन्य राज्यों से चर्चा कर सर्वसम्मति से हल निकालेगी। उन्होंने कहा कि शानन जलविद्युत परियोजना के संबंध में केन्द्र सरकार कानून के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर अपना पक्ष न्यायालय में रखेगी और अदालत के फैसले के अनुसार निर्णय लिया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने हरित उर्जा और आवास व शहरी विकास मंत्रालय से संबंधित परियोजनाओं में हिमाचल को हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बैठक में विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सार्थक चर्चा हुई है।

बैठक–2

उन्होंने प्रदेश दौरे के लिए केन्द्रीय उर्जा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उनके इस दौरे को सार्थक पहल बताया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उम्मीद जताई कि केन्द्रीय मंत्री के दौरे के भविष्य में सकारात्मक परिणाम आएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के लोगों को राज्य के जलसंसाधन पर उचित हिस्सेदारी मिलनी चाहिए और इस पर केन्द्रीय मंत्री ने लुहरी चरण एक, सुन्नी व धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजनाओं को लेकर एस.जे.वी.एन. के

अधिकारियों को अगले साल 15 जनवरी तक अंतिम प्रतिक्रिया देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए केन्द्र से उदार वित्तीय सहायता का आग्रह भी किया। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित स्वच्छ भारत पोषण, अमरूत, शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि जल्द ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया जाएगा। आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी में संगठन से जुड़े निष्ठावान और पार्टी की मजबूती के लिए अपना पूरा समय देने वाले कार्यकर्ताओं को अधिमान दिया जाएगा। प्रतिभा सिंह ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन के बारे में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं से विचार—विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उनके व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आग्रह पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ—साथ सभी ब्लॉक व जिला कार्यकारिणी को भंग किया है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि संगठन को चुस्त दुरूस्त करने के लिए नई कार्यकारिणी के गठन की आवश्यकता पिछले लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। प्रतिभा सिंह ने कहा कि पार्टी में किसी भी तरह की गुटबाजी नहीं है और भाजपा के आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि वह एक व्यक्ति एक पद की पक्षधर हैं।

कैंसर जागरूकता दिवस

आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस है। कैंसर की रोकथाम, शुरुआती पहचान और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल सात नवंबर को यह दिवस मनाया जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2014 में इसकी शुरुआत की थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी दिनचर्या और खानपान की कई ऐसी गड़बड़ आदतें हैं जो कैंसर के खतरे को बढ़ाती जा रही हैं। कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन अगर समय रहते पहचान हो जाए तो

इसका इलाज संभव है, इस दिन के माध्यम से हम कैंसर के बारे में सही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और इसके खिलाफ लड़ाई को मजबूत बना सकते हैं।

प्रतियोगिता

हमीरपुर जिले में अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में स्कूली छात्र–छात्राओं की राज्य स्तरीय अंडर–19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज शुरू हुई। इसमें 12 जिलों और 2 खेल छात्रावासों के कुल 4 सौ 17 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई सराहनीय निर्णय लिए हैं। खिलाड़ियों के डाइट भत्ते और पुरस्कार राशि में वृद्धि की गई है।

————————————